कार्तिक पूर्णिमा पर हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

नवभारत न्यूज

बैतूल, 5 नवंबर. पूरे जिले में कार्तिक पूर्णिमा का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्तिक पूर्णिमा पर ताप्ती नदी के तटों पर स्नान करने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ गई।

ताप्ती के उद्गम स्थल पर आयोजित हुए मेले

पूर्व विधायक की चुनरी यात्रा में शामिल हुए श्रद्धालु

वहीं ताप्ती तटों के किनारे मेलों का नजारा देखने को मिला। जिला मुख्यालय से कुछ ही किलोमीटर दूर पर स्थित खेड़ी सांवलीगढ़ के पास ताप्ती नदी, बारहलिंग और आठनेर रोड ताप्ती नदी पर स्नान करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। कार्तिक पूर्णिमा पर स्नान करने के लिए बुधवार अल सुबह से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। दिन में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ गई। श्रद्धालुओं ने ताप्ती में डुबकी लगाने के बाद सूर्य को अर्ध्य दिया और पूजा अर्चना की। सुबह से शाम तक श्रद्धालु ताप्ती नदी के तटों पर पूजा अर्चना करने मौजूद रहे। इन स्थानों पर श्रद्धालु तो पहुंचे, लेकिन दुकानें बहुत कम लगी थी। नारियल प्रसादी की दुकानें अधिक दिखाई दे रही थी, अन्य दुकानें नहीं थी। मान्यता है कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन ताप्ती नदी में स्नान करने से श्रद्धालुओं के कष्ट दूर हो जाते है और मां ताप्ती का आशीर्वाद बना रहता है। खेडीसांवलीगढ़ ताप्ती नदी के तट पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया, जहां हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर

प्रसादी ग्रहण की। आठनेर क्षेत्र में एमपी और महाराष्ट्र की सीमा पर सालबर्डी मेले में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ गई। मेले में पहुंचने के लिए सुबह से ही लोगों का पहुंचना शुरू हो गया था। इधर भैंसदेही पूर्णा नदी पर भी मेले की शुरूआत हो गई है। यहां बडी संख्या में लोग पहुंचे।

ताप्ती उद्गम स्थल पर लगा श्रद्धालुओं का तांता : कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर पवित्र नगरी मुलताई ताप्ती उद्गम स्थल पर स्नान करने के लिए श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचे। सुबह से लेकर शाम तक यहां श्रद्धालुओं का तांता लगा था। श्रद्धालुओं ने ताप्ती नदी में विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। मान्यता है कि ताप्ती नदी में कार्तिक पूर्णिमा के दिन स्नान करने से कष्ट दूर हो जाते है और मां ताप्ती की अपने भक्तों पर कृपा बनी रहती है। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालुओं की भीढ़ को देखते हुए नगरपालिका ने पहले ही व्यवस्था बना दी थी। ताप्ती उद्गम स्थल पर गंदगी न फैले इसको देखते हुए व्यवस्था बनाई गई। ताप्ती उद्गम स्थल पर आसपास के गांव के लोग भी बड़ी संख्या में स्नान करने पहुंचे।

चुनरी यात्रा में उमड़े हजारों श्रद्धालु, जगह-जगह हुआ स्वागत

बैतूल। आस्था, समर्पण और सामाजिक एकजुटता का अद्भुत संगम बुधवार को बैतूल की धरती पर देखने को मिलेगा, जब कांग्रेस जिला अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक निलय विनोद डागा के नेतृत्व में हजारों श्रद्धालु मां ताप्ती चुनरी पदयात्रा में शामिल हुए। दरअसल किसानों और सर्वहारा वर्ग की खुशहाली के संकल्प के साथ कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर पदयात्रा सुबह 7 बजे कोठी बाजार लल्ली चौक स्थित प्राचीन शिव मंदिर से प्रारंभ हुई, जो थाना चौक, टिकारी अखाड़ा चौक, कारगिल चौक, सदर ग्राम दनोरा, भडूस, महदगांव, डहरगांव, खेड़ी सांवलीगढ़ से होते हुए ताप्ती घाट पहुंची। जहां सूर्य पुत्री जीवनदायिनी मां ताप्ती को चुनरी अर्पित कर जिले की समृद्धि, खुशहाली एवं सुख-शांति की प्रार्थना की गई। इस पद यात्रा में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। जैसे-जैसे पदयात्रा आगे बढ़ती जा रही थी, वैसे-वैसे श्रद्धालुओं का हुजूम भी बढ़ता जा रहा था। इस पदयात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत भी किया गया। गांवों में ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर चुनरी पदयात्रा का स्वागत किया, वहीं ग्रामीणों ने पूर्व विधायक निलय डागा का तिलक कर चुनरी का पूजन भी किया। पदयात्रा में चल रहे पदयात्रियों के लिए जलपान आदि की व्यवस्था भी की गयी थी।

एक नजर में

लायंस क्लब ने ताप्ती स्नान करने आए श्रद्धालुओं को पिलाई चाय

मुलताई। पवित्र नगरी में कार्तिक पूर्णिमा पर बुधवार को स्नान करने पहुंचे श्रद्धालुओं को सुबह 5 बजे से निशुल्क चाय वितरित की। लायन दीपेश बोथरा ने बताया विगत कई वर्षों से क्लब द्वारा चाय वितरण की परंपरा निरंतर निभाई जा रही है। इस वर्ष लगभग 7500 कप चाय वितरित की गई।सेवा के साथ-साथ श्रद्धालुओं को स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। चाय वितरण के पश्चात क्लब सदस्यों द्वारा ताप्ती घाट की सफाई कर सेवा और संस्कार का परिचय दिया। क्लब के अध्यक्ष ने बताया कि प्रतिवर्ष कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मुलताई एवं आसपास क्षेत्र के हजारों श्रद्धालु मां ताप्ती सरोवर में स्नान करने आते हैं। जिन्हे क्लब द्वारा प्रात: 5 बजे से 7:30 बजे तक चाय का वितरण किया गया। इस अवसर पर लायन नमन अग्रवाल, योगेश पटेल, राजीव जैन, दीपेश बोथरा, महेश नायक, अश्वनी धोटे, कन्हैया सोनी, नीरज ठाकरे, राहुल अग्रवाल, सुमित जैन, हेमंत शर्मा, जयेश संघवी,उमंग अग्रवाल, सुधीर पुरी,सचिन धोटे सहित सदस्य उपस्थित रहे।

घोड़ाडोंगरी में मनाया गया गुरुनानक देव जी का प्रकाश पर्व

घोडाडोंगरी। गुरु नानक देव जी का पावन प्रकाश पर्व घोडाडोंगरी में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। नगर के गुरुद्वारा साहिब में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में सिख संगत के साथ-साथ अन्य धर्मों के लोगों ने भी बड़ी संख्या में भाग लेकर गुरु जी के सार्वभौमिक संदेश इक ओंकार और सर्व धर्म समभाव को आत्मसात किया। कार्यक्रम की शुरुआत शब्द-कीर्तन से हुई, जिसमें रागी जत्थों ने इक ओंकार सतनाम और नाम जपो, कीरत करो, वंड छको जैसे पवित्र शब्दों का गायन किया। इस दौरान वातावरण गुरु भक्ति और शांति के भाव से भर गया। गुरु नानक देव जी, सिख धर्म के प्रथम गुरु और संस्थापक, ने अपने जीवन द्वारा एक ईश्वर की उपासना, समानता, प्रेम और सेवा का संदेश दिया। उन्होंने समाज में जाति-पाति, भेदभाव और अन्याय के विरोध में प्रेम और मानवता का मार्ग दिखाया। कार्यक्रम का समापन गुरु का लंगर के साथ हुआ। इस अवसर पर सिख संगत ने बड़ी निष्ठा और प्रेमभाव से सेवा निभाई किसी ने लंगर परोसने की सेवा की, तो किसी ने बर्तन धोने और साफ-सफाई का कार्य संभाला।

निकली प्रभात फेरी, दोपहर में हुआ लंगर का आयोजन

मुलताई। पवित्र नगरी के ऐतिहासिक गुरुद्वारे में गुरुनानक देव जी का प्रकाश पर्व उल्लास और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। बुधवार को प्रकाश पर्व पर सुबह अमृतवेला में बोले सो निहाल, सतश्री अकाल के जयकारे के साथ प्रभात फेरी निकली। गुरु की संगत ने सुबह 5.30 बजे गुरुद्वारा में अरदास कर प्रभात फेरी का शुभारंभ किया। प्रभात फेरी में शामिल संगत ने शबद कीर्तन करते हुए ताप्ती सरोवर की परिक्रमा की। इस दौरान परिक्रमा मार्ग बोले सो निहाल, सतश्री अकाल के जयकारे से गूंजता रहा। प्रभात फेरी के दौरान पटाखे फोड़कर गुरु पूरब की खुशी का इजहार किया। ताप्ती सरोवर की परिक्रमा करने के बाद प्रभात फेरी गुरुद्वारा पहुंची। सामूहिक अरदास उपरांत निशान साहिब का चोला चढ़ाया गया। दोपहर 11 बजे से पुन: संगत ने शबद कीर्तन और पाठ किया। दोपहर 12.30 बजे से गुरु का लंगर प्रारंभ हुआ। जिसमे बड़ी संख्या में श्रद्धालुओ ने उपस्थिति दर्ज कराकर लंगर प्रसादी ग्रहण की। गुरुद्वारा गुरुसिंघ सभा के सरदार जसबीरसिंघ ने बताया साधसंगत द्वारा परंपरा अनुसार गुरुनानक जयंती के 5 दिन पूर्व से प्रतिदिन अमृतवेला में प्रभात फेरी निकाली जाती है। शनिवार से प्रभात फेरी का शुभारंभ किया गया था। गुरुपूरब के अवसर पर गुरुद्वारे में पालकी साहिब को फूलो से सुसज्जित कर आकर्षक रोशनी की गई थी। गौरतलब है कि पवित्र नगरी में वर्ष 1515 में गुरु नानकदेव जी का आगमन हुआ था। गुरुनानक देव जी ने 14 दिन तक विश्राम किया था। जिसके चलते प्रदेश सरकार ने पवित्र नगरी को सिक्खों की आस्था नगरी भी घोषित किया है। गुरुनानक देवजी के चरण कमलों से पवित्र नगरी पावन होने के चलते गुरुद्वारा साहिब का पौराणिक महत्व होने से श्रद्धालु गुरुपूरब पर ऐतिहासिक गुरुद्वारा पहुंचकर मत्था टेकते हैं।

बघोली में हुआ राष्ट्र जागरण दीप महायज्ञ

मुलताई। क्षेत्र के ग्राम बघोली बुजुर्ग में शरद पूर्णिमा से कार्तिक पूर्णिमा तक प्रतिदिन सुबह 5 बजे से 6 बजे तक दिण्डी यात्रा निकालकर भ्रमण करते हुए कीर्तन किया जा रहा था। दिन्डी यात्रा का समापन,कार्तिक पूर्णिमा के पावन पर ग्राम के हनुमान मंदिर में गायत्री परिवार मुलताई के वरिष्ठ परिजन सम्पत राव धोटे,गुलाब राव चिल्हाटे, यादोराव निंबालकर, श्यामराव बारस्कर, नारायण देशमुख, रूपेश सोनी ने उपस्थित होकर राष्ट्र जागरण दीप महायज्ञ कराया तथा साधना, उपासना करते रहने की जानकारी प्रदान की। तहसील समन्वयक नारायण देशमुख ने आगामी 2026 जन्म शताब्दी वर्ष के अनुयाज क्रम में ग्राम के प्रत्येक घरों में प्रतिदिन ज्योति अवतरण साधना गायत्री महामंत्र की साधना प्रारंभ करने विस्तृत जानकारी प्रदान की।महिला मंडल,युवा मंडल,प्रज्ञा मंडलों को सक्रिय रूप से पूज्य गुरुदेव के विचारों को जन जन तक पहुंचाने निरंतर कार्य करने के लिए विस्तृत मार्गदर्शन दिया।कार्यक्रम में ग्राम बघोली सहित अन्य ग्रामो के परिजनों ने उपस्थित होकर दीप यज्ञ में भाग लिया एवं दीप महायज्ञ की पूर्णाहुति में एक एक बुराई छोड़ने का संकल्प लिया।

शक्ति सदन सारनी में संयुक्त संचालक का निरीक्षण

पाथाखेड़ा। महिला सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर कार्यरत ग्राम भारती महिला मंडल द्वारा संचालित शक्ति सदन (स्वाधार गृह) का निरीक्षण नर्मदा संभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त संचालक तृप्ति त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग सारनी की प्रभारी परियोजना अधिकारी संगीता धुर्वे एवं सेक्टर सुपरवाइजर रश्मि अकोदिया उपस्थित रहीं। निरीक्षण के दौरान संयुक्त संचालक ने निवासरत महिलाओं से आत्मीय संवाद किया एवं उनकी फाइलों, अभिलेखों तथा संस्था की कार्यप्रणाली का अवलोकन किया। इस दौरान शक्ति सदन में 19 महिलाएँ एवं 5 बच्चे उपस्थित थे। त्रिपाठी ने आचार निर्माण इकाई, सेनेटरी पैड निर्माण केंद्र, परिवार परामर्श केंद्र एवं कंप्यूटर लेब का भी भ्रमण किया, जहाँ महिलाएँ आत्मनिर्भरता की दिशा में कार्यरत हैं। संयुक्त संचालक ने संस्था के प्रयासों को महिला सशक्तिकरण का प्रेरणास्रोत बताते हुए ग्राम भारती महिला मंडल की सराहना की। उन्होंने कहा कि संस्था महिलाओं के पुनर्वास और स्वावलंबन के लिए उल्लेखनीय कार्य कर रही है। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष भारती अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नंदा सोनी, अधीक्षिका ज्योति बागड़े सहित समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

सेवानिवृत्त कार्मिकों का सम्मान समारोह संपन्न

पाथाखेड़ा। सारनी सतपुड़ा ताप विद्युत गृह में अक्टूबर माह में सेवानिवृत्त हुए पांच कार्मिकों का सम्मान समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अभियंता व्ही.के. कैथवार ने सभी सेवानिवृत्त कार्मिकों को शाल, श्रीफल, पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।कार्यक्रम में महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) नरेश पनवार, अतिरिक्त मुख्य अभियंता एस.एन. सिंह, राजीव गुप्ता, मुख्य रसायनज्ञ पीयूष गुप्ता सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने सेवानिवृत्त हुए कार्मिकों गजानन कुरूमभटे, भागचंद प्रजापति, जितेंद्र सिंह तोमर, अशोक खंडागरे एवं दिवाकर के समर्पण और सेवाभाव की सराहना की। मुख्य अभियंता कैथवार ने अपने उद्बोधन में कहा कि वरिष्ठ कार्मिकों की सेवाएँ कंपनी के विकास में मील का पत्थर साबित हुई हैं। उनका अनुभव और परिश्रम संस्था की अमूल्य धरोहर है, जिसकी पूर्ति संभव नहीं है। स्व-सुरक्षा निधि समिति के सचिव अम्बादास सूने ने बताया कि समिति के नियमित सदस्यों को आकस्मिक निधन की स्थिति में 75,000 की आर्थिक सहायता तथा आईसीयू में भर्ती होने पर 60,000 तक का ब्याजमुक्त उपचार सहयोग प्रदान किया जाता है।

नेताओं के फ्लेक्स की आड़ में कर रहे अतिक्रमण

सारनी। नेताओं के फ्लेक्स की आड़ में बस स्टैंड के पास वेकोलि की जमीन पर नए तरीके से अतिक्रमण करने का मामला सामने आया है। वेस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड कि भूमि पर अतिक्रमण करके निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया है। डब्ल्यूसीएल के अधिकारी और सुरक्षा विभाग के अधिकारी पर दबाव बनाने के नेताओं के बड़े बड़े होडिंग लगाकर रखे है। इतना ही नही वेकोलि की जमीन पर दो से तीन दुकान बना ली हैं, इसके बाद भी बस स्टैंड के पास अतिक्रमण कर रहा हैं। अगर ऐसा ही रहा तो समस्त राजनीतिक दल के नेता अपने-अपने नेता का फ्लेक्स लगाकर डब्ल्यूसीएल कि बची सारी भूमि पर अतिक्रमण कर लेंगे और उनका सुरक्षा विभाग और जिम्मेदार अधिकारी आँख बंद करके सारा तमाशा देखते रहेंगे। इतना ही नही सौंदर्य करण के नाम पर उस स्थान पर नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा पेविंग ब्लॉक लगाकर निर्माण कार्य किया है। पेविंग ब्लॉक लगे स्थान पर अतिक्रमण होना सर्वप्रथम डब्ल्यूसीएल के सुरक्षा विभाग कि लचर कार्यप्रणाली को दर्शाता है, वही नगर पालिका द्वारा भी पेविंग ब्लॉक लगे स्थान पर अतिक्रमण होने पर संज्ञान ना लेना दोनों विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत सहित कई सवालों को जन्म दे रहा है।

मतदाता सूची शुद्धिकरण में जुटे नायब तहसीलदार

सारनी। मतदाता सूची के शुद्धिकरण को लेकर बीएलओ के साथ नायब तहसीलदार डोर टू डोर पहुंच रहे है। मतदाताओं को एसआईआर में 2003 की मतदाता सूची में नाम के आधार पर जानकारी दी जा रही है। नायब तहसीलदार श्री पथोंरिया ने बताया कि मतदाता सूची का एसाईआर होने के बाद मतदाताओं का वैरीफिकेशन/मैपिंग का कार्य प्रारंभ हुआ है। पथोरिया ने सारनी क्षेत्र के सभी मतदाताओं से अपील है, कि उक्त घर-घर सर्वे अवधि में जो मतदाता अस्थायी तौर पर मेहनत मजदूरी करने के लिए परिवार सहित बाहर गए हैं, तो वह सभी परिवार या उनके परिवार का कोई एक वयस्क सदस्य अनिवार्य रूप से घर पर मिलें। ताकि गणना पत्रक भरने की कार्यवाही पूर्ण हो सके। इसके बाद 9 दिसंबर को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया जायेगा। 9 दिसंबर से 8 जनवरी फिर 2026 तक दावे आपत्ति ली जाएगी। सुनवाई की प्रक्रिया 31 जनवरी तक पूरी की जावेगी। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 07 फरवरी 2026 को किया जावेगा। पथोरिया ने बताया कि मतदाता का नाम सूची में जोड़ने से ना छूटे एवं अपात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में जुडा न रहें।

निर्वाचन नामावली पुनरीक्षण को लेकर पार्षदों, सरपंचों की बैठक

सारनी। नगर पालिका परिषद सारनी में फोटो निर्वाचक नामावली 2025 के गहन पुनरीक्षण एस.आई.आर के तहत बीएलओ द्वारा डोर टू डोर अनुलंग्नक/ गणना पत्रक वितरण को लेकर विशेष बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में आमला विधानसभा क्षेत्र-130 के सारनी क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक 01 से 97 तक के मतदान केंद्रों से संबंधित जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित कर एसआईआर की जानकारी दी गई। आमला विधानसभा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी(रा.) शैलेंद्र बड़ोनिया ने सर्वे को लेकर विस्तार से जानकारी दी। नगर पालिका सभाकक्ष में दोपहर 1 बजे से फोटो निर्वाचक नामावली 2025 के गहन पुनरीक्षण एसआईआर को लेकर बैठक शुरू हुई। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे,उपाध्यक्ष जगदीश पवार, पार्षदगण, सरपंचगण, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीके मेश्राम, नायब तहसीलदार संतोष पथोरिया,थाना प्रभारी जयपाल इवनाती के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित हुए। आमला एसडीएम शैलेंद्र बडोनिया ने फोटो निर्वाचक नामावली 2025 के गहन पुनरीक्षण (एस.आई.आर) को लेकर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2003 की मतदाता सूची से 2025 की मतदाता सूची का मिलान किया जा रहा है। इसके लिए बीएलओ एवं अन्य वालंटियर घर-घर जाकर मतदाताओं की जानकारी एकत्रित करेंगे। मंगलवार से विधानसभा के सारनी क्षेत्र में उक्त कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि बीएलओ घर-घर जाकर फार्म में जानकारी भरवाएंगे। जानकारी संबंधित पावती भी मतदाताओं को दी जाएगी।

स्नान कार्तिक पूर्णिमा पर ताप्ती सरोवर में हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

ब्रह्ममुहूर्त से ही सरोवर में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

मुलताई। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर पवित्र नगरी स्थित ताप्ती सरोवर में बुधवार को हजारों श्रद्धालुओं द्वारा आस्था की डूबकी लगाकर पुण्यलाभ अर्जित किया।

ताप्ती घाटों को दीप जलाकर किया रोशन

जगह-जगह आयोजित हुए भंडारे

ताप्ती सरोवर में स्नान करने के लिए रात्रि से ही श्रद्धालुओं का मुलताई आना प्रांरभ हो गया था। बडी संख्या में श्रद्धालु रात्रि में ही मुलताई पहुचें एवं ब्रम्हमुहूर्त से ताप्ती सरोवर में स्नान कर ताप्ती तट स्थित मंदिरों में पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया । ताप्ती सरोवर में स्नान करने वालो का सिलसिला शाम तक चलता रहा। मान्यता है कि कार्तिक पूर्णिमा पर ताप्ती सरोवर में स्नान कर दीपदान करने से पुण्यफल प्राप्त होता है। जिसको लेकर श्रद्धालु बी संख्या में मुलताई पहुचें एवं ताप्ती सरोवर में डूबकी लगाकर सरोवर में दीपदान किया। इस दौरान नगर पालिका द्वारा ताप्ती सरोवर के घाटो पर चेंन एवं रस्सी बांधकर स्नान करने वाले लोगों के लिए व्यवस्था की गई थी।

वहीं महिलाओं के लिए घाटों पर कनात लगाकर चेजिंग रूम बनाए गए थे। वही सुरक्षा की द्रष्टि से ताप्ती तट पर पुलिस बल द्वारा माकूल व्यवस्था की गई।

जगह जगह स्टाल लगाकर किया भंडारा प्रसादी वितरित: कार्तिक पूर्णिमा पर नगर में आए श्रृद्वालुओं को खाने पीने की कोई परेशानी ना हो इस बात को द्रष्टिगत रखते हुए नगर के श्रृद्वालुओं द्वारा जगह जगह पर स्टाल लगाकर भंडारा एवं भोजन प्रसादी का आयोजन किया । वहीं तहसील गेट के सामनें तहसील परिवार द्वारा भंडारा प्रसादी वितरित की ।इसके अलावा नगर में महाकाली मंदिर,नागपुर रोड, मासोद रोड, रेल्वे स्टेशन रोड सहित अन्य क्षेत्रो में भंडारा प्रसादी वितरित की। सरोवर के चारो ओर दीप जलने से सरोवर की छटा देखते ही बन रही थी। इसके बाद न्यास द्वारा शाम साढे 7 बजे से महाआरती की गई। जिसमें सैकडों श्रृद्वालुओं द्वारा मॉ ताप्ती की आरती कर पुण्यलाभ अर्जित किया।

ग्यारह हजार से अधिक दीप जलाकर घाटों को किया रोशन

सुर्यपूत्री मॉ ताप्ती तीर्थ क्षेत्र न्यास द्वारा मॉ ताप्ती उदगम सरोवर के चारो ओर घाटो पर शाम साढे 5 बजे से 11 हजार से अधिक दीप जलाकर ताप्ती तट को जगमग कर दिया। सरोवर के चारो ओर दीप जलने से सरोवर की छटा देखते ही बन रही थी। इसके बाद न्यास द्वारा शाम साढे 7 बजे से महाआरती की गई। जिसमें सैकडों श्रृद्वालुओं द्वारा मॉ ताप्ती की आरती कर पुण्यलाभ अर्जित किया।

भाजपा मंडल के नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत

सारनी। भारतीय जनता पार्टी मंडल सारणी में नवनियुक्त मंडल पदाधिकारियों का स्वागत समारोह उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा के महान प्रेरणास्रोत पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। मंडल कार्यकारणी में महामंत्री नन्हें सिंह,विनय मदने,उपाध्यक्ष श्रीमती मीना सिंह, गणेश मसकी,मुकेश यादव, मनोहर विश्वकर्मा, आशा डेहरिया, कोषाध्यक्ष राजू साहू, उप कोषाध्यक्ष दिनेश यादव, मीडिया प्रभारी संचित कुमार सहित अन्य पदाधिकारी बनाए गए हैं। कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष गोलू राजपूत की अध्यक्षता में किया गया। सह कार्यालय मंत्री राहुल कापसे ने सभी अतिथियों का तिलक लगाकर सम्मान किया। इस अवसर पर पार्टी वरिष्ठ नेताओं ने नवगठित मंडल कार्यकारिणी सदस्यों को माला पहनाकर स्वागत किया इस अवसर पर सभी वरिष्ठों ने कार्यकर्ताओ को संबोधित किया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन में नई ऊर्जा और उत्साह के साथ सभी कार्यकर्ता पार्टी के मूल मंत्र सेवा ही संगठन के भाव को आत्मसात करते हुए जनता के बीच कार्य करेंगे।इस दौरान वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को संगठन के प्रति समर्पण, अनुशासन एवं सेवा भावना बनाए रखने का आह्वान किया कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष किशोर बरदे समस्त पार्षदगण एवं अनेक पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मंच संचालन मंडल महामंत्री विनय मदने ने किया।